## महत्वपूर्ण न्यूज

### लापता राजेंद्र प्रसाद का अब तक नहीं चला पता, परिजन परेशान



**इचाक (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद उम्र 48 वर्ष पिता बालेश्वर महतो शुक्रवार सुबह सात बजे से घर से लापता है। परिजनों ने खोज बिन की मगर अब तक पता नहीं चला। राजेंद्र प्रसाद की पत्नी मंजू देवी ने इचाक थाने को आवेदन देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। दिए गए आवेदन में लिखा है की कुछ दिन से उनका दिमागी हालत ठीक नहीं है। पूर्व में वे जेएम कॉलेज में प्रोफेसर भी थे। शुक्रवार सुबह बिना किसी को कुछ बताए घर से निकल गए है जो अब तक नही लौटे। काफी खोज बिन करने के बाद भी कही पता नही चला है। थाना से खोजबीन करने की गुहार लगायी है।

### 24 घंटे का अखंड कीर्तन और रुद्राभिषेक



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चपरख गांव स्थित देवी मंडप में बैठक हुई। बैठक में हदारी पंचायत के ग्रामीण उपस्थित हुए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की पानी नहीं पड़ने के कारण सुखा की स्थित बन गयी है। इसे देखते हुए देवी मंडप में 24 घंटे का अखंड कीर्तन 14- 15 सितंबर को करने का निर्णय लिया गया। साथ हि शिव मंदिर चपरख हदारी प्रांगण में रुद्राभिषेक करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से श्यामलाल प्रसाद मेहता, हरि नारायण, कैलाश, कैलाश, नरेश, प्रखंड 20 सुत्री सदस्य दिगम्बर, जागेश्वर मेहता, राजू मेहता, देवा राम, रितनाथ मास्टर, बद्री मेहता, तिलक मेहता, पिंटू कुमार, विकास कुमार समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### आलोक सिंह ने किया मेंसवेयर टेलर का उद्घाटन



**चलकुसा (आजाद सिपाही)।** तेतरौन चौक में आलोक सिंह मुखिया संघ के अध्यक्ष ने मेंस वेयर टेलर का किया उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि टेलर के प्रोपराइटर बहुत ही अनुभवी हैं। पुणे में बड़े-बड़े कलाकार इनसे कपड़े सिला चुके हैं और अब हमारे क्षेत्र में भी अपनी कला को दिखाएंगे। बंडी, कुर्ता, पैंट शर्ट आदि हर प्रकार के कपड़े सिलाई करते हैं। उद्घाटन के मौके पर मेंसवेयर टेलर के प्रोपराइटर मनान अंसारी, रहमान अंसारी, बबलू अंसारी, इब्राहिम अंसारी, शकील अंसारी, उमेश यादव, रुखसाना खातून, मोहम्मद नौशाद अंसारी आदि मौजूद थे।

### विधायक किशुन दास से मिले जीएम नृपेंद्र नाथ




**टंडवा (आजाद सिपाही)।** मगध के जीएम नृपेन्द्र नाथ ने सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास से टंडवा में शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने विधायक को अंगवस्त्र और बुके देकर स्वागत किया। मुलाकात के दौरान जीएम ने मगध की वर्तमान तस्वीर से अवगत कराया। विधायक ने रैयतों के हित में हर कदम उठाने की बात कही।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल बड़कागांव के छात्र और छात्राओं को स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम की अध्यक्षता में स्कूल के विद्यार्थियों को पैदल एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस मौके पर स्कूल के विद्यार्थियों ने बड़कागांव डुमारो स्थित ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। स्कूल के विद्यार्थियों ने छगरी गोदरी,बुढ़वा महादेव, बंदर छुआ, बंदर लाता, रानी दह, डूमारो गुफा, द्वार पाल के अलावे प्राकृतिक द्वारा बसाया गया पर्वतों का पैदल भ्रमण करके बच्चों ने काफी आनंद लिया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम ने कहा कि पैदल मार्च से विद्यार्थियों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। साथी ही साथ बच्चों को पर्यावरण बचाने से संबंधित कई जानकारियां दी गयी बच्चों ने पर्यावरण बचाने का संकल्प भी लिया क्योंकि पेड़ पौधे है तो हम हैं। इसके अलावे साइंस के शिक्षक एवं निदेशक कुलदीप कुमार भूगोल के शिक्षक मोहम्मद अली ने भी बच्चों को संबोधित किया। शैक्षणिक भ्रमण में भाग लेने वाले शिक्षक कन्हैया, मनजीत, मोहम्मद, संतोष,राहुल, रतन, मंजू, मोहम्मद, सभी विद्यार्थियों शामिल हुए।

### कुपोषण को दूर करने को लेकर मुखिया ने की बैठक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** सारुकुदर मुखिया उत्तम कुमार पंचायत भवन में कुपोषन मुक्त पंचयात बनाने को लेकर बैठक किया। जिसमें प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, मध्यान भोजन पुरक पोषण योजना का सही सांचालन पर निगरानी करने को लेकर जोर दिया। मीनू के अनुसार कार्ड धारीयों को राशन देने गुणवतायुक्त स्कूली बच्चों को मध्यान्ह भोजन देने, आगनबाड़ी केंद्रों में पुरक पोषण आहरका वितरण करके हम गांव को कुपोषन मुक्त बना सकते है। मुखिया ने स्वछता सवास्थ्य पर आम अवाम को जगरूक करने की बात लोगों की। बैठक में रोजगार सेवक, वार्ड सदस्य मुकेश सिंह, पूरनी देवी, जोगेश्वरी देवी, मीना देवी, पार्वती देवी, टेकलाल महतो, नंदलाल महतो, योगेंद्र पटेल,रहमत अंसारी, यशोदा देवी, गीता देवी, नारायण महतो ,सुरेन्दर कुमार समेत काफी लोग शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक को मिला राशन कार्ड



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के पचड़ा पंचायत के जिरदाग स्थित हरिजन टोला के अजय कुमार दास पिता कौलेश्वर राम विगत जनवरी माह मे सड़क दुर्घटना का शिकार हुए और उनके द्वारा बताया गया कि इलाज में अब तक बड़ी रकम खर्च हो चुकी हैं' इनका राशन कार्ड में नाम नहीं होने की वजह से आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया थो डॉक्टरों द्वारा इलाज में और पैसे खर्च होने की बात की गयी है' जोरदाग गांव के ही पीडीएस दूकानदार कृष्ण कुमार गुप्ता द्वारा प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी रवि राजा से इस मामले में मदद की बात की गयी रवि राजा द्वारा अजय कुमार दास का नए राशन कार्ड का ऑनलाइन कराया गया और इसके बाद जिला आपूर्ति पदाधिकारीअरविंद कुमार के त्वरित प्रयास से इनका नया राशन कार्ड बनाया गया ' शनिवार को प्रभारी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा स्वयं घर आकर कार्ड मिलने पर अजय दास द्वारा अत्यंत आभार व्यक्त किया गया कि अब आयुष्मान कार्ड की सहायता से इनका आगे का ईलाज हो पायेगा' इस मामले मे डीलर कृष्णा कुमार गुप्ता का प्रयास भी उल्लेखनीय रहो

# ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण बिजली देने का लक्ष्य तय

## जिला विद्युत समिति की बैठक में आरडीएसएस योजना के तहत अगले पांच वर्ष में विद्युत के क्षेत्र में आधुनिकीकरण का संकल्प

आजाद सिपाही सवांददाता



**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में जिला विद्युत समिती की बैठक उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में शनिवार को हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है जिसके तहत विद्युत के क्षेत्र में आधारभूत संरचना को मजबूत बनाने, उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त विद्युत सुविधा, विद्युत वितरण, आपूर्ति और संलग्न संस्थाओं को सुदृढ़ करना है। उपायुक्त ने कहा कि जिला विद्युत समिति में सांसद की अध्यक्षता में विधायक, सभी सदस्य जिला परिषद समिति में सदस्य के रूप में रहेंगे। वहीं उपायुक्त समिति का सदस्य सचिव की भूमिका में रहेंगी, जबकि मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता विद्युत समिति में संयोजक के रूप में समिति में शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि समिति के द्वारा आरडीएसएस योजनानुसार विद्युत के क्षेत्र में आधुनिकीकरण कार्य की निगरानी किया जाना है। ताकि आमजनों के बेहतर विद्युत सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। बैठक को सम्बोधित करते हुए माण्डू विधायक जेपी भाई पटेल ने विद्युत विभाग को सेवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए कहा साथ ही जिला में ट्रांसफर की कमी के समाधान की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। वर्तमान में कार्यरत एजेंसियों की शिकायतों पर त्वरित निराकरण का अनुरोध किया। मौके पर एसी विद्युत ने बताया कि आरडीएसएस योजना के तहत हजारीबाग जिले में विद्युत के क्षेत्र कयी लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं। कयी चरणों में विद्युत के क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं और बेहतर सेवा के लिए क्रमिक सुधार किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि विद्युत वितरण के क्षेत्र में ट्रासमिसन लॉस को कम करने के लिए आधारभूत संरचना को अपग्रेड किया जाना है। उपभोकताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाना, पावर स्टेशन, सब स्टेशन आदि का सुदृढ़ीकरण सहित नये विद्युत केबल बिछाये जायेंगे। साथ ही कई आवश्यक गतिविधियां संचालित की जायेगी। आरडीएसएस की पहली बैठक में उपायुक्त सहित विधायक मांडू जेपी भाई पटेल, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, उपाध्यक्ष किशुन यादव, अपर समाहर्ता राकेश रोशन, सांसद व विधायक के प्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य, विद्युत विभाग की वरीय अधिकारी सहित कई अन्य मौजूद थे।

### मरकच्चो में लकड़ी तस्करों का बोलबाला, धड़ल्ले से कट रहे हैं हरे पेड़



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कई गांवों, कस्बो, जंगलों में लकड़ी तस्करों का बोलबाला है। धड़ल्ले से पेड़ कट रहें हैं। इन दिनों मरकच्चो थाना क्षेत्र के जंगलों व गांवो में लगातार तस्कर हावी हो रहे हैं और धड़ल्ले से पेड़ो को काटकर इसकी तस्करी कर रहे है। हाल में आई लकड़ी तस्करी से जुड़ी फिल्म पुष्पाराज फिल्म देख आपने खूब तालियां बजाई होगी लेकिन आज हम आपको फिल्म का नही रियल लाइफ पुष्पाराज के बारे में बताएंगे। वन विभाग ने हरेक जंगल क्षेत्र में वन रक्षा समिति का गठन किया है। वनरक्षा के लिए वनपाल भी विभाग के पास है तो फिर लकड़ी कटने की सूचना वन विभाग को पहले क्यो नही मिलती है। खैर इन सवालों के पर्दे के पीछे की कहानियां है जो दाल में कुछ काली चीजो की तरफ इशारा कर रही है। थाना क्षेत्र के वन मंडल के वन परिक्षेत्र अंतर्गत बेहरवाजंगल, नादकरी, हरलाडीह में पेड़ो को तस्कर बेखौफ हो कर दिन दहाड़े काट रहे हैं और विभाग को इसकी शायद भनक तक नहीं है या फिर यूं कहें सब कुछ जानते हुए विभाग चुप्पी साधे हुई है। खास बात तो यह है कि यह पूरा खेल क्षेत्र के वन कर्मियों के इशारे से धड़ल्ले से जारी है।

### संगठन ने जो जिम्मेवारी सौंपी है, उसे निष्ठापूर्वक निभाऊंगी : सोनम देवी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इचाक प्रखंड के अलौंजा खुर्द गांव निवासी सोनम देवी को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) हजारीबाग की महिला प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। यह जिम्मेवारी राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी ने सौंपा है। इस संबंध में राजधानी स्थित प्रदेश राजद कार्यालय में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया। रानी कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि सोनम देवी के संगठन में शामिल होने से राष्ट्रीय जनता दल को मजबूती मिलेगी। सोनम देवी ने कहा की राजद सदा से गरीब और पिछड़ों को उनका हक दिलाने का काम किया है। पार्टी ने जो जिम्मेवारी मुझे सौंपी है उसे पूरी निष्ठा से निभाऊंगी। संगठन को पूरे जिले में मजबूत करना पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव समेत पार्टी के नेताओ को धन्यवाद दी है। इस अवसर पर सदस्यता ग्रहण करने वालों में हेमंत, रीता, प्रियंका, लक्ष्मी, पार्वती, नीतू, रेखा, मुनिया, सुनीता, अंजू, विनय, ज्योति, अविनाश, सुचित प्रसाद महतो सहित अन्य शामिल हैं।

## 22 ट्रेनें अलग-अलग तिथियों में की गयी रद्द

आजाद सिपाही सवांददाता

**कोडरमा।** अब पर्व त्योहार का मौसम शुरू हो चुका है। कयी ट्रेनों में दुर्गा पूजा से लेकर छठ और दीपावली में स्लीपर से लेकर एसी तक किसी भी क्लास में टिकट उपलब्ध नहीं है। पर वहीं कोडरमा के रास्ते होकर चलने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनों में सितंबर से लेकर मध्य अक्टूबर तक वाराणसी जाना मुश्किल होगा। 1 सितंबर से वाराणसी यार्ड में होने वाले री-मॉडलिंग के कारण रेलवे ने कुछ और ट्रेनों को रद्द और मार्ग परिवर्तन करने की घोषणा कर दी है। कोडरमा गया जक्शन होकर गुजरने वाली दुर्गियाना, हावड़ा-लालकुआं और हावड़ा से बीकानेर जाने वाली प्रताप एक्सप्रेस समेत 22 ट्रेनें अलग-अलग दिनों में रद्द की गयी है। वहीं हावड़ा से नयी दिल्ली जाने वाली पूर्वा एक्सप्रेस, नीलांचल और कोलकाता-आगरा कैंट एक्सप्रेस सितंबर व अक्टूबर की अलग-अलग तिथियों में वाराणसी नहीं जायेंगी।

#### रद्द की गयी ट्रेनें

12371 हावड़ा-बीकानेर प्रताप एक्सप्रेस 2 व 9 अक्टूबर को रद्द, 12372 बीकानेर-हावड़ा प्रताप एक्सप्रेस 5 व 12 अक्टूबर को रद्द।

#### इन ट्रेनों का बदलेगा मार्ग, नहीं जायेंगी वाराणसी

12381 हावड़ा -नयी दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस 20, 21, 24, 27 व 28 सितंबर और 1, 4, 5, 8, 11, 12 व 15 अक्टूबर, 12382 नयी दिल्ली -हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस 22, 25, 26 व 29 सितंबर और 2 3 6, 9, 10 व 13 अक्टूबर, 12875 पुरी-आनंदविहार नीलांचल एक्सप्रेस 12, 15, 17, 19, 22, 24, 26 व 29 सितंबर और 1, 3, 6, 8, 10, 13 व 15 अक्टूबर, 12876 आनंदविहार-पुरी नीलांचल एक्सप्रेस 12,15,17, 19, 22, 24, 26 व 29 सितंबर और 1, 3, 6, 8,10, 13 व 15 अक्टूबर, 13167 कोलकाता-आगरा कैंट एक्सप्रेस 21 व 28 सितंबर और 5 व 12 अक्टूबर, 13168 आगरा कैंट कोलकाता एक्सप्रेस 23 व 30 सितंबर और 7 व 14 अक्टूबर, 25 दिनों तक दून एक्सप्रेस धनबाद होकर चलने वाली हावड़ा-योग नगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस दोनों ओर से 25 दिनों तक परिवर्तित मार्ग से चलेगी। 13009 हावड़ा-योग नगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस 19 सितंबर से 14 अक्टूबर तक हावड़ा से आसनसोल, बरौनी, हाजीपुर, चंद्रपुरा, गोरखपुर व अयोध्या होकर चलेगी। वापसी में 13010 योग नगरी ऋषिकेश-हावड़ा दून एक्सप्रेस 19 सितंबर से 14 अक्टूबर तक अयोध्या, गोरखपुर, चंद्रपुरा, हाजीपुर, बरौनी व आसनसोल होकर चलेगी।

### चार महीनों से सैकड़ों कार्डधारी लाभुकों को नहीं मिला अनाज, ग्रामीणों में आक्रोश

## डीलरों को पूरा राशन वितरण, राशन नहीं देना गलत: एमओ

> डीलर ने कहा कि सरकार द्वारा राशन में कटौती कर दी गयी है जिसके कारण राशन देने में असमर्थ हूं।

आजाद सिपाही सवांददाता



**दारू (हजारीबाग)।** दारू प्रखंड के कबीलाशी पंचायत के ग्राम सिलाडीह, बलिया, लरतांगों, ऊंचाभेड़ा के लगभग 500 कार्डधारी को डीलरो द्वारा चार माह से अनाज नहीं देने का मामला सामने आया है जिसके कारण यहां के कार्डधारीयो में डीलर राजेंद्र कुमार दास के प्रति भारी आक्रोश है। कार्डधारी का कहना है कि डीलर राजेंद्र कुमार दास जिसका लाइसेंस संख्या 5/ 2001 है जो पिछले 4 माह जून से अगस्त का राशन उन्हें नहीं दिया गया है। डीलर एक बोरा अनाज लेकर उनके घरों तक आता है और मापतौल में इसका इस्तेमाल कर अंगूठा लेकर चला जाता है। डीलर का कहना है कि अंगूठा लगने के बाद ही जिला से अनाज मिलेगा जिस कारण यहां के भोले भाले ग्रामीण कार्डधारी ने डीलर पर भरोसा करके अंगूठा लगा देते हैं लेकिन पिछले 4 माह से उन्हें अनाज नहीं मिला जिसके कारण ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने शनिवार को कहा कि डीलर के खिलाफ हमलोगों ने जिले की उपयुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी आदि को आवेदन दिया हूं परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों में आक्रोश का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पत्रकारों के समक्ष करीब 100 से अधिक संख्या में कार्डधारी शिलाडीह बस्ती में एक स्थान पर पहुंचकर राजेंद्र डीलर होश में आओ होश में आओ तथा राजेंद्र डीलर अनाज दो अनाज दो के नारे लगाए। डीलर ग्रामीणों को आश्वाशन देता रहा कि राशन उन्हें मिल जायेगा परन्तु चार महीनो से इसे राशन नहीं मिला। डीलर ने कहा कि सरकार द्वारा राशन में कटौती कर दी गयी है जिसके कारण राशन देने में असमर्थ हूं। धूलिया मसोमात, कुंती देवी, यशोदा देवी, मसोमात पझली, सहित कई कार्डधारी के घर में खाने का अनाज नहीं है और वह दूसरों से मांग कर खाने को विवश हैं। यहां के ग्रामीणों ने डीलर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में राजेंद्र कुमार दास का कहना है की मैं मई और जून महीने का राशन कार्डधारी को बिना अंगूठा लगाये दे दिया था इसलिए इन कार्डधारियों को राशन नहीं दे रहे है। काबलासी पंचायत की मुखिया रीना देवी ने कहा कि यह सच है कि पांच सौ से अधिक राशन कार्डधारी को डीलर राजेंद्र कुमार दास के द्वारा लाभुको को चार महिने से राशन नहीं दिया गया है। उन्होंने जिला उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों को इसकी जानकारी दी है साथ ही उन्होंने कहा कि डीलर द्वारा गलत किया जा रहा है इस पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

इस बारे में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी उग्रनाम बड़ाईक ने कहा कि दारू प्रखंड के सभी डीलरों को आवंटन के अनुसार अनाज दिया गया है लरतांगो के डीलर राजेंद्र कुमार दास के खिलाफ शिकायत मिली है जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

### विजय यात्री बस और ट्रक में जबरदस्त भिड़ंत, 23 घायल

आजाद सिपाही संवाददाता




**विष्णुगढ़।** शनिवार को सुबह साढ़े छह बजे के आसपास जमुआ (भारकट्टा) से रांची जानेवाली विजय यात्री बस और हजारीबाग की ओर से आ रहे ट्रक में बन्हे रोल पत्थर जंगल के पास जबरदस्त टक्कर हो गयी। ट्रक के टक्कर से विजय यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 23 यात्री गंभीर रूप जख्मी हो गये। जिसमे 13 यात्री घटनास्थल से ही हजारीबाग सदर अस्पताल इलाज के लिए भेजे गये। 10 घायलो को विष्णुगढ़ सीएससी इलाज के लिए लाया गया। घायलों में बगोदर के बको के कुंती देवी पति महेश पंडित गंभीर रूप से घायल है बस के शीशे से उसका गला आंशिक रूप से कट गया है। वही घायलों में मोहम्मद इरशाद अंसारी पिता सोमर मियां उम्र 38 भारकट्टा, सकीना खातून पति सोमवार मियां उम्र 65 भारकट्टा, शर्मिला शर्मा पति बबलू शर्मा उम्र 24 भारकट्टा, स्मृति शर्मा पिता बबलू शर्मा उम्र 7 माह भारकट्टा, राजकुमार उम्र 32 भारकट्टा, सुलेखा देवी पति दशरथ महतो उम्र 30 भारकट्टा, राजकुमार यादव पिता प्रीतम महतो उम्र 23 भारकट्टा, शंकर यादव पिता भेखलाल यादव उम्र 13 पालौंजिया, ऋषि कुमार विश्वकर्मा पिता जगदीश विश्वकर्मा उम्र 27 पालौंजिया, अंजली कुमारी पिता अनिल विश्वकर्मा उम्र 16 पालौंजिया सभी घायल हुए हैं। जिसमे एक महिला जो अधिक जख्मी होने के कारण स्थिति नाजुक बनी हुई थी, जिसको हजारीबाग सदर रेफर किया गया है।

### इंडिया गठबंधन के पक्ष में जनता का समर्थन : अशोक



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य अशोक सिंह ने कहा है कि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी जयनगर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर चुनाव प्रचार कर रही है। लेकिन मैं कहना चाहता हूं माननीय सांसद से, हम लोगों का सौभाग्य की बात है कि कोडरमा लोकसभा बनने के बाद पहली बार केंद्रीय मंत्री आप बनी, कोडरमा लोकसभा में उपलब्धि नहीं के बराबर है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को लॉलीपॉप देने का काम कर रही है, सांसद चार वर्षों तक क्षेत्र की जनता का सुध लेने कभी नहीं पहुंची। जैसे ही चुनाव नजदीक आया घर-घर जनसंपर्क के माध्यम से अपनी हाजिरी लगाने के लिए पहुंच रही है। यह वास्तव में जनता को ठगने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि माननीय सांसद महोदय पर से क्षेत्र की जनता का विश्वास उठ चुका है। नरेंद्र मोदी के नाम पर वोट लेकर जनता को ठगने का काम इन्होंने किया है परंतु जनता अब समझदार हो चुकी है। आने वाले दिनों में जनता उन्हें सबक सिखाने को तैयार है। श्री सिंह ने कहा कि आज के समय में लोगों को ठगना आसान नहीं है। अच्छे और बुरे की पहचान निश्चित तौर पर हैं इस बार के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के पक्ष में लोगों ने वोट करने का मन बना लिया है।

### डीडीसी ने की उद्यम समिति की बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को आज उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में उद्यम समिति और सभी एफपीओ मुख्य सदस्य के साथ समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक में सभी एफपीओ का क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण किया गया। मडुआ और आलू चिप्स प्रसंस्करण इकाई से संबंधित कार्यों में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य दिये गये हैं यथाशीघ्र पूरा करें। बैठक में मुख्य रूप से जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह, डीपीएम जेएसएलपीएस समेत अन्य मौजूद रहे।

### बिरहोर परिवारों के बीच अनाज वितरण



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा के कई क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से जंगली हाथियों द्वारा घरों को तोड़ कर अनाज खा जाने से कई लोग प्रभावित हुए। इसकी सूचना मिलते ही हाथियों से प्रभावित बिरहोर कालोनी समाजसेवी सीके पाण्डेय पहुंचे। उन्होंने बिरहोर परिवारों को अनाज एवं आर्थिक मदद किये। समाजसेवी सी के पाण्डेय ने कहा कि जिला परिषद सदस्य बरकट्ठा प्रेरणा प्रिया हजारीबाग उपायुक्त से मिल कर वन विभाग से सोलर स्ट्रीट लाइट बरकट्ठा में हाथी प्रभावित क्षेत्रों में दिलवाई हैं। उन्होंने कहा कि सभी नुकसान का मुआवजा वन विभाग से मिलेगा।

### नगर परिषद क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाना उनकी पहली प्राथमिकता: हर्षवर्धन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झुमरी तिलैया नगर परिषद में शनीवार को नए कार्यपालक प्रशासक के रूप में हर्षवर्धन ने योगदान दिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए हर्षवर्धन ने कहा कि नगर परिषद में नई योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ योजनाओं को धरातल पर उतरने के अलावा नगर परिषद को स्वच्छ और सुंदर बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। कार्यपालक प्रशासक श्रीवर्धन ने कहा कि उन्हे नगर परिषद क्षेत्र में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा लेकिन सबका सहयोग मिला तो कोई भी चुनौती आसानी से हल किया जाएगा। पूछे गए सवाल के जवाब में कार्यपालक ने कहा कि वे (2009-2022) पिछले 13 वर्षों से विनोबा भावे विश्वविद्यालय में मैकेनिकल इंजीनियर विभागाध्यक्ष के रूप में अपना योगदान दे चुके हैं। इसके पश्चात उन्होंने सिविल सेवा ज्वाइन की। इसके पश्चात सिमडेगा में उन्होंने 1 साल तक ट्रेनिंग की। उन्होंने कहा झुमरी तिलैया नगर परिषद में यह उनका पहली पोस्टिंग है।

### नवजात शिशु हेतु पालना लगाया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सखी वन स्टॉप सेंटर कोडरमा की नोडल पदाधिकारी अर्चना ज्वाला ने कार्यालय में नवजात शिशु हेतु पालना लगाते हुए कहा कि बेटियां समाज की धरोहर है। जहां बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर विशेष बल दिया जा रहा है। वही समाज में आज भी नवजात शिशु को झाड़ियां में या नालों में फेंक देने जैसी अप्रिय घटना प्राप्त हो रही है। नवजात शिशु को सुरक्षा और संरक्षण प्रदान करते हुए नया जीवन प्राप्त हो, वहीं दूसरी तरफ ऐसे दांपत्य जो वर्षों से संतान की आश लगाए बैठे हैं, नवजात शिशु से उनका घर रोशन हो, फेकें नही, हमें दे।

## चेंबर का पौधरोपण कार्यक्रम आज



**गुमला (आजाद सिपाही)।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा डीके ने बताया कि 03 सितंबर यानि रविवार को चेंबर ऑफ कॉमर्स गुमला के तत्वाधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम दोपहर 1:00 बजे पालकोट रोड स्थित डूमरडीह में किया जायेगा। उन्होने गुमला चेंबर के सभी पदाधिकरियों सहित कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्य और सभी पूर्व अध्यक्षों से अनुरोध किया है कि कार्यक्रम में पालकोट रोड स्थित शक्ति मंदिर के पास ससमय उपस्थित हों।

# राज्य को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के लिए गुमला में 6 सितंबर को धरना

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय सदस्य सह अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के गुमला जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह ने सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए गुमला सहित झारखंड को अविलंब सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के लिए जिला मुख्यालय गुमला में 6 सितंबर को धरना कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही है। उन्होंने यह भी कहा है कि अल्पवृष्टि के कारण पानी मशीन चलाकर धान की रोपनी तो कुछ जमीन पर किसानों ने किया है लेकिन, पानी के अभाव में धान खेत में ही सूख रहे हैं। यह किसानों के लिए बहुत ही दुख भरा समय है।

जिले में सिंचाई का साधन बनाने के नाम पर एक तरफ जहां लूट मची हुई है। वहीं दूसरी ओर सरकार और प्रशासन का भी किसानों के खेत में सिंचाई का साधन बने इस पर ध्यान नहीं है जिसे अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा कदापि बर्दाश्त नहीं करेगी। धरना कार्यक्रम के बाद किसानों को हजारों की संख्या में गोलबंद करते हुए चरणबद्ध आंदोलन की भी रणनीति बनायी जायेगी। श्री सिंह ने बड़े जलाशय, चेकडैम और माइक्रो लिफ्ट इरीगेशन जैसे योजनाओं में भ्रष्टाचार के कारण किसानों को कोई लाभ नहीं होने पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि किसान सभा इन योजनाओं में मची लूट की उच्च स्तरीय जांच कराकर ठोस कार्रवाई की भी मांग धरना कार्यक्रम में करेगी।

श्री सिंह ने यह भी बताया है कि उपायुक्त के जरिए सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के लिए मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार को मांग-पत्र देने के बावजूद भी अभी तक कोई ठोस कार्रवाई किसान हित में नहीं की गयी है जो दुःखद है।

# पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** पुलिस अधीक्षक, गुमला की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी बैठक का आयोजन पुलिस केंद्र, गुमला में किया गया। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गुमला, चैनपुर, बसिया, सभी अंचल निरीक्षक, गुमला प्रभारी रक्षव परिचारी प्रवर, परिचारी और सभी थाना प्रभारी तथा शाखा प्रभारी उपस्थित थे। अपराध गोष्ठी बैठक में लंबित कांड, वारंट, कुर्की का निष्पादन करने तथा अवैध खनन, अवैध पशु तस्करी पर विस्तृत चर्चा की गयी। डायन बिसाही, ओझा गुनी, महिला उत्पीड़न नशापान, नशीली मादक पदार्थ और साईबर फॉड से निपटने हेतु समय-समय पर विशेष जागरूकता अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। हत्या, बलात्कार, आप्रकृतिक मृत्यु के मामलों में त्वरित गति से अनुसंधान करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। अपने-अपने थाना क्षेत्र में जगह-जगह पर एंटी वाहन चेकिंग चलाने और सामुदायिक पुलिसिंग के तहत लोगों को जागरूक करने, लोगों के बीच समन्वय स्थापित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। किसी भी परिस्थिति में पोक्सो एक्ट से संबंधित मामलों को 3 माह से अधिक लंबित नहीं रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाना क्षेत्र के भू-माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। आगामी चेहल्लूम और जन्माष्टमी पर्व को लेकर विशेष सर्तकता बरतने और सुरक्षा विधि-व्यवस्था की तैयारी का समीक्षा किया गया तथा आवश्यक निर्देश दिया गया। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा और सतर्कता संबंधी विशेष तैयार हेतु सभी थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिया गया साथ ही अनुसंधान, विशेष छापामारी अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 पुलिस पदाधिकारी, कर्मियों को पुरस्कृत किया गया।

## स्वयंसेवक संघ और बजरंग दल ने नये बीडीओ का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया



**सिसई (आजाद सिपाही)।** नये बीडीओ से शनिवार को मुलाकात करने प्रखंड के पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के सभी स्वयंसेवक पहुंचे। स्वयंसेवक संघ के द्वारा नये बीडीओ रमेश कुमार यादव का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस दौरान बीडीओ ने सभी स्वयंसेवकों से परिचय प्राप्त किया। वहीं स्वयंसेवकों द्वारा पुर्व में प्रखंड व पंचायत स्तर पर अपने किये कार्यों से अवगत कराते हुए कहा कि पिछले 8 जुलाई से चल रही राज्य स्तरीय स्वयंसेवक संघ के अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कार्यक्रम व अपनी मांग की जानकारी देते हुए राज्य स्तरीय अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन समाप्ति के उपरांत पुनः कार्य में लौटने की बात कही। इस मौके पर संघ के प्रखंड अध्यक्ष ओज कुमार जायसवाल, सचिव इफ्तेखार अहमद, दानिश अंसारी, महावीर महली सहित कई स्वयंसेवक मौजूद थे।

विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता शनिवार को नये बीडीओ रमेश कुमार यादव से शिष्टाचार मुलाकात करने प्रखंड कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्त्ताओं ने बीडीओ को पुष्प गुच्छ और उपहार देकर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर प्रखंड में पदस्थापन की शुभकामनाएं दी। मौके पर विश्व हिंदू परिषद जिला सह मंत्री मनीष बाबु, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहू, समाज सेवी मुकेश श्रीवास्तव (डेविड), प्रखंड मंत्री उदय कुशवाहा, उपाध्यक्ष रामानंद सिंह, सह मंत्री मदन साहू सहित कई कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।0805

# सिसई विधायक ने की बैठक, दिये निर्देश

सीओ सह बीडीओ को प्राथमिकता के आधार पर जनसमस्याओं का समाधान करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** सिसई विधायक जीगा सुसारन होरो ने शनिवार को बसिया सभागार में एक बैठक कर जनहित से जुड़े मामलों पर जानकारी ली। विधायक द्वारा बसिया के सीओ सह बीडीओ रविन्द्र कुमार पांडेय को जमीन ऑनलाइन से सम्बंधित समस्यायों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा की बसिया अंचल में जमीन के ऑनलाइन नही होने संबधी काफी शिकायते आ रही है। आप जनता से प्यार से पेश आये और उनके ऑनलाइन संबधी समस्याओं को प्राथमिकता देकर समाधान करें। अगर ऑनलाइन संबधी मामला को लेकर धरना प्रदर्शन की जायेगी तो फिर मैं कड़ा रुख अपनाऊंगा। इसके साथ ही विधायक ने गलत पाये जाने पर उच्च स्तरीय जांच कराने की बात भी सीओ को कही। विधायक ने मनरेगा से जुड़े ऑपरेटरों से भी सही से काम करने की बात कही। विधायक ने बीडीओ सह सीओ रविन्द्र कुमार पांडेय को वर्ष 2022 और 2023 के मनरेगा योजना, पंचायत समिति से किये गये सभी योजनाओं की सूची की मांग की है। विधायक ने कहा कि मनरेगा योजना, जमीन ऑनलाइन, वन पट्टा में बहुत गड़बड़ी की सूचना मिल रही है जिसको बहुत जल्द सुधार करने की आवश्यता है। 6 तारीख तक सुधार कर लें, 6 सितंबर के बाद मैं फील्ड भर्मण करूँगा अगर इसके बाद भी उपरोक्त संबधी कोई शिकायत मिलने पर मैं चुप नही बैठूंगा और उच्च स्तरीय जांच कराऊंगा। विधायक ने प्रखंड में फैली गंदगी को देखकर बीडीओ सह सीओ रविन्द्र कुमार पांडेय एवं प्रखंड के क्लर्क राजीव कुमार कंठ पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जल्द प्रखंड परिसर को साफ करने का भी निर्देश दिया। इस बैठक में विधायक के सारा ध्यान जनता से जुड़ी योजनाओं यथा मनरेगा, जमीन ऑनलाइन, पेंशन, वन पट्टा पर था। विधायक द्वारा जमीन से सम्बंधित ऑनलाइन सुधार नहीं होने पर सीओ पर काफी नाराज होते हुए उन्हें जल्द जनहित में ऑनलाइन सुधार करने की बात कही। विधायक जिगा सुसारन होरो प्रखंड के पदाधिकारियों के कार्यप्रणाली पर काफी नाराज दिखे। इस मौके पर बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुकरात उराँव, पंचायत समिति सदस्य पीसी बड़ाईक, सीओ सह बीडीओ रविन्द्र कुमार पांडेय, सीआई ओमप्रकाश, उमेश नाग, निकोलस सुरीन, अलीम खान, मुंतजिर खान समेत प्रखंड सह अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## सिर्फ मदद ही नहीं हमारे स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा है 'रक्तदान': जनक गोप



**गुमला (आजाद सिपाही)।** अहीर सेना के द्वारा सदर अस्पताल में एडमिट रवि गोप मरीज के लिये रक्तदान किया गया। जनक गोप ने बताया कि मरीज रवि गोप सदर अस्पताल गुमला बेड नम्बर 5 में एडमिट था और उनको अ पाजिटिव रक्त की आवश्यकता थी और मरीज सहयोग देने के लिये कोई आगे नहीं आया। इसके बाद मरीज के रिश्तेदार ने अहीर सेना व्हाट्सएप ग्रुप में मैसेज डाला। मैसेज देख कर अहीर सेना के जनक गोप अस्पताल पहुंचे और मरीज के लिए रक्तदान किया। जनक ने कहा कि हमारे देश की आबादी में केवल 37 प्रतिशत लोग ही रक्तदान करने योग्य है लेकिन उनमें से भी 10 प्रतिशत से कम लोग हर साल ब्लड डोनेट करते हैं। ब्लड प्रकृति द्वारा हमे दिया गया सबसे मूल्यवान उपहार है। हम इसके माध्यम से लोगों की कई तरह से मदद कर सकते है और सभी को मददगार बनना चाहिए।

## रेडवा और बरगांव दक्षिणी पंचायत का बीडीओ ने निरीक्षण किया, दिये निर्देश



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रेडवा और बरगांव दक्षिणी पंचायत का बीडीओ रमेश कुमार यादव ने शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायतों में लंबित पीएम आवास योजना के लाभुकों से मिलकर आवास निर्माण कार्य जल्द से जल्द पुरा करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने पंचायत सचिवालय भवन सहित पंचायत में चल रही विकास योजनाओं का भी निरीक्षण किया। बीडीओ ने बताया कि प्रखंड में कुल 612 लंबित आवास है, जिसमें रेडवा पंचायत में 28 व बरगांव दक्षिणी में कुल 67 आवास लंबित है। उन्होंने लाभुकों से निर्माण कार्य में तेजी लाने व निर्माण कार्य में किसी प्रकार की कठिनाई आने पर समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रखंड आवास समन्वयक आलोक कुमार मिश्रा, मुखिया रेडवा चुमानी देवी, मुखिया बरगांव दक्षिणी शोभा देवी, पंचायत सचिव सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## पांच दिवसीय कारगिल शहीद बिरसा फुटबॉल टूनार्मेंट का समापन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बर्री स्थित प्रस्तावित उच्च विद्यालय के खेल मैदान में शनिवार को पांच दिवसीय कारगिल शहीद बिरसा उरांव बालक बालिका खस्सी फुटबॉल टूनार्मेंट का समापन हुआ। बालक वर्ग में कुल 48 टीम भाग लिया था। फाइनल मैच मासूम स्टार क्लब चापी बनाम रॉयल ड्राइब्स सेन्हा के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद समीर उरांव व अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच शुरू कराया। चापी कि टीम सेन्हा की टीम को एक गोल से पराजित कर विजेता बनी। तीसरे स्थान पर जय सरना स्टार क्लब बर्री डीपाटोली की टीम रही। वहीं बालिका वर्ग में कुल 12 टीम भाग लिया था। सुपरफास्ट नील गगन बदरी बनाम बिपति पतराटोली के बीच खेला गया। बिपति पतराटोली को एक गोल से पराजित कर सुपर फास्ट नील गगन बदरी बालिका वर्ग की खिताब अपने नाम किया। तीसरे स्थान पर प्रस्तावित उच्च विद्यालय बर्री की रही। विजेता व विजेता टीम को अतिथियों ने एक एक खस्सी, सील्ड व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समीर उरांव ने कहा कि शहीदों के याद में हर वर्ष लगेंगे मेले। इस मौके पर शहीद की पत्नी मीला उरांव,पुत्री पूजा उरांव,बेटा चंदन उरांव, दामाद समीर भगत, भाई फगुवा उरांव, अमित उरांव सहित कई खेल प्रेमी मौजूद थे।

# स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय कामडारा का उद्घाटन विधायक जिगा सुसारन होरो ने किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**कामडारा।** कामडारा प्रखंड मुख्यालय परिसर मे बने नवनिर्मित स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय कामडारा का उद्घाटन स्थानीय विधायक जिगा सुसारन होरो ने आज शनिवार को विधिवत फीता काटकर किया। जानकारी के मुताबिक आयोजित इस उद्घाटन कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप मे विधायक जिगा सुसारन होरो, जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, जिप सदस्य दीपक कंडुलना, प्रमुख सुनील सुरीन और उपप्रमुख शकुंतला देवी को आमंत्रित किया गया था। वहीं नवनिर्मित पुस्तकालय भवन में प्रवेश करने के पूर्व उक्त सभी अतिथियों ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। इसके बाद सभी अतिथियों ने भवन के अंदर जाकर मौजूद सभी कक्षों का बारी-बारी से निरीक्षण किया। इसके बाद विधायक जिगा सुसारन होरो ने कमरे के अंदर विभिन्न विद्यालयों से मौजूद सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि आज के समय मे शिक्षा सबसे बड़ी ताकत व धन है। इसलिए सभी लोग मन लगाकर खूब पढ़े और आगे बढ़े। अब लाइब्रेरी के खुल जाने से ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये इधरउधर नहीं भटकना पड़ेगा। वहीं बैठक के दौरान विधायक ने दो राजस्व कर्मचारी से कहा कि आपलोग अपनी कार्यशैली मे बदलाव लायें अन्यथा सीएम से शिकायत कर तुरंत यहां से ट्रांसफर करवा दी जायेगी।

### विधायक ने कंप्यूटर ऑपरेटर पर आरोप लगाया

**कामडारा।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के गांव टुरुण्डू के ग्रामीण ने विधायक जिगा सुसारन होरो को एक आवेदन सौंपते हुये प्रखंड मुख्यालय के एक कंप्यूटर ऑपरेटर पर आरोप लगाया है कि वह ग्राम पंचायत टुरुण्डू के राजस्व ग्राम टुरुण्डू, पोजे, कुदा और ग्राम किसनी के ग्रामीणों को बकरी शेड, गाय शेड, कुंआ सहित अन्य योजना दिलाने के नाम पर कुल 30 ग्रामीणों ने कुल 2 लाख 95 हजार रुपये ठग-फुसलाकर कर ले ली। वहीं आज तक कोई योजना भी नहीं दी और बात नहीं कर रही है। वहीं विधायक श्री होरो ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही उक्त मामले की जांच व कार्रवाई के लिये अधिकारियों से जिले के बातचीत की जायेगी। आवेदन देने वालो में सुबास साहु, उमेश साह, गणेश साहू, दीपक साहू सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

## जारी प्रखंड के कटिंगा गांव के मजदूर की कर्नाटक में मछली पकड़ने के दौरान डूबने से मौत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड के कटिंगा गांव के मजदूर 34 वर्षीय मनोज कुमार सोन की मौत कर्नाटक के समुद्र में मछली मारने के क्रम में डूबने से हो गयी। वहीं मृतक के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। वहीं मृतक मजदूर पिछले एक अगस्त को अपने घर से मजदूरी करने के लिए कर्नाटक गया था इससे पहले 3 साल तक उसी कंपनी में कम कर रहा था। वही बताया कि प्रवासी श्रमिकों का विभाग भी इन मामलों में रुचि नहीं दिखाता है। इसके बाद मजदूर नेता ने गुमला उपायुक्त को घटना की जानकारी दी। वही बताया कि रविवार शाम तक शव को गुमला लाया जायेगा। वहीं मजदूर नेता ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा व झारखंड सरकार से मिलने वाली सारी लाभ उपलब्ध कराने की मांग की है।

## गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज ने आदित्य एल1 सोलर मिशन लांच के लाइव टेलीकास्ट का किया आयोजन




**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के महत्वपूर्ण आदित्य एल1 सोलर मिशन लॉन्च का सीधा प्रसारण देखने के लिए एक लाइव टेलीकास्ट का आयोजन किया। लाइव टेलीकास्ट कॉलेज के सेमिनार हॉल में आयोजित किया गया था और इस अभूतपूर्व घटना को देखने के लिए छात्रों, संकाय सदस्यों और अंतरिक्ष उत्साही लोगों का भीड़ लगी थी ।

इसरो ने शनिवार को श्रीहरिकोटा से भारत के पहले सौर मिशन, आदित्य-एल1 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। आदित्य-एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष-आधारित वेधशाला वर्ग है और इसे सुबह 11.50 बजे इसरो के विश्वसनीय ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) का उपयोग करके लॉन्च किया गया था। अंतरिक्ष यान, 125 दिनों में पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किमी की यात्रा करने के बाद, लैग्रेंजियन बिंदु एल1 के आसपास एक हेलो कक्षा में स्थापित होने की उम्मीद है जिसे सूर्य के सबसे करीब माना जाता है। मिशन के प्रमुख उद्देश्यों में कोरोनल हीटिंग और सौर पवन त्वरण, कोरोनल मास इजेक्शन की शुरूआत और निकट-पृथ्वी अंतरिक्ष मौसम और सौर पवन वितरण को समझना शामिल है। अनुसंधान को संचालित करने के लिए आदित्य-एल1 मिशन पर सात वैज्ञानिक पेलोड ले जाये गये हैं।

गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में लाइव टेलीकास्ट ने छात्रों, शिक्षक सदस्यों और स्थानीय समुदाय को आदित्य एल1 के पीछे के विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार से जुड़ने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कॉलेज के युवाओं के बीच वैज्ञानिक जांच और अंतरिक्ष अन्वेषण की भावना को बढ़ावा देना था।

## व्यक्ति ने मालिक पर मजदूरी करा बकाया राशि नहीं देने का लगाया आरोप



**गुमला(आजाद सिपाही)।** गुमला प्रखंड के सुरसुरिया गांव के राजेंद्र कुमार साहू ने खोरा पतरा टोली निवासी एक घर मालिक पर मजदूरी करा कर बकाया राशि नहीं देने का आरोप लगाया है। इसके बाद मजदूर नेता जुम्मन खान को लिखित आवेदन देकर मजदूरी भुगतान करने की मांग की है। आवेदन में कहा है कि खोरा पतराटोली गांव के सीताराम साहू के यहां निजी घर बनाया था। जिसका मजदूरी बकाया लगभग 45000 रुपया है। मांगे जाने पर तरह-तरह का बहाना बनाया जाता है और गंदे गंदे शब्दों का प्रयोग भी किया जाता है। वही लगातार समय पर समय दिया जा रहा है और फोन करने पर फोन भी नहीं उठाया जाता है। जिससे परेशान होकर राजेंद्र ने मजदूर नेता व महिला प्रदेश सचिव सुनीता कुमारी को लिखित आवेदन देकर मजदूरी बकाया का भुगतान करने की मांग की। इसके बाद मजदूर नेता ने इस विषय को श्रम विभाग गुमला को आवेदन लिखकर मजदूर का बकाया राशि यथाशीघ्र दिलाने की अपील की है।

# 2 सितंबर को करौंदा बेड़ा पल्ली में पुण्यतिथि के अवसर पर समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**पालकोट।** प्रखंड अंतर्गत करौंदा बेड़ा पल्ली में शनिवार 2 सितंबर को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है मालूम हो कि विगत 29 साल पहले तीन लोगों की निर्मम हत्या कर दी गयी थी जिसमें फादर लोरेन्श कुजूर, फादर जोसेफ कुजूर, बदर अनूप इंदवार शामिल थे इन्ही मृत आत्मा की शांति के लिये शहीद दिवश के रूप के मनाया जाता है आज 29वीं पूण्यतिथि के रूप में समारोह आयोजित किया गया था। जिसमे झारखंड के अलावे बिहार,बंगाल, छतीसगढ़, उड़ीसा आदि राज्यो से ईसाई तीर्थ यात्रियों का आगमन होता है इस बार भी 9 बजे सुबह से तीर्थ यात्रियों का आंगमन सुरु हो गया था अपनी पहचान के लिये गले मे टेग, बैनर पोस्टर, हाथ मे कुरुष चिन्ह को लेके शहीद स्थल की ओर आ रहे थे, 11 बजे लगभग हजारीबाग के मुख्य अतिथि विशप आनन्द जो जो डीडी हजारीबाग के धर्माध्यक्ष के हाथों दिप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि व समारोही मीसा पूजा का सुरुवत किया गया सबसे पहले प्रथना की गयी। उसके बाद समाज के धर्माध्यक्ष सुप्रियर्स तथा विशिष्ट जनप्रतिनिधि गन द्वारा शहीद स्थल में श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। आज इस जगह इतना धमार्लंबियों का जमावड़ा है उन्ही लोगो का काम है, उन्होंने कहा कि एक शहीद और शंत में ईश्वर का वाश होता आज इस दुनिया के लोग एक दूसरे को चंद पैसों या कुछ जरूरत के चीजो के लिए मरने मारने को आतुर है मोके पर आनंद जोजो ने कहा कि इस कलीसिया खिरीस्त समाज को समझना होगा कि प्रेम में ही जीवन है प्रेम में ही मुक्ति है और प्रेम में ही उन्नति है वही 12 जून 1884 को पालकोट गुमला बसिया आदि जगहों में लगभग दस हजार खीस्तीय परिवार हुये थे। मौके पर विभिन जगह से आये फादर गन विशप गुमला लीनुष पिंगल एक्का, मौजेश खलखो, जेफ्रीनिवश तिर्की, मुंशनग बिलुंग, सुशील कुजूर, अरविंद कुजूर, अगस्तीन लकड़ा, आदि फादर शामिल थे विशिष्ट जन प्रतिनिधि में सिमडेगा विधायक भूषण बाडा, जोशिमा खाखा, विधायक प्रतिनिधि बसंत गुप्ता विकाश गुप्ता, गुमला विधायक भूषण तिर्की, जिला परिषद, मुखिया के अलावे के स्थानीय लोग उपस्थित थे।

